लखनऊ ने 7 विकेट से दर्ज की धमाकेदार जीत

पूरन ने लगातार चार छक्के लगाकर खत्म किया मुकाबला

लखनऊ, 15 मई. इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए आईपीएल 2026 के मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की. 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ ने 20 गेंद शेष रहते ही मुकाबला अपने नाम कर लिया. टीम की जीत के हीरो मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस रहे, जिन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की. दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई शतकीय साझेदारी ने मैच पूरी तरह लखनऊ की तरफ मोड़ दिया. अंत में निकोलस पूरन ने लगातार चार छक्के लगाकर मुकाबला खत्म किया और इकाना स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत ज्यादा अच्छी नहीं रही. शुरुआती ओवरों में लखनऊ के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और चेन्नई के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. हालांकि एक छोर पर कार्तिक शर्मा टिके रहे और उन्होंने पारी को संभालने का जिम्मा उठाया. कार्तिक ने संयम और आक्रामकता का शानदार मिश्रण दिखाते हुए तेजी से रन बनाए.

चेन्नई को बीच के ओवरों में कुछ झटके जरूर लगे, लेकिन कार्तिक शर्मा ने डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई. दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 70 रन जोड़े और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. ब्रेविस ने 16 गेंदों में 25 रन बनाए, जबकि कार्तिक ने सिर्फ 42 गेंदों में 71 रनों की शानदार पारी खेली. अपनी पारी में उन्होंने कई आकर्षक चौके और छक्के लगाए. लखनऊ की ओर से आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट अपने नाम किए और चेन्नई की रनगति पर अंकुश लगाया. मोहम्मद शमी और शाहबाज अहमद को भी एक-एक सफलता मिली.

दबाव में रही चेन्नई ...

चेन्नई को पहली सफलता मुकेश चौधरी ने दिलाई। उन्होंने जोश इंग्लिस को आउट कर इस खतरनाक साझेदारी को तोड़ा। इंग्लिस ने 36 रन बनाए। इसके बाद मिचेल मार्श भी रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। मार्श ने 90 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें उन्होंने चौकों और छक्कों की बरसात कर दी। लखनऊ ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 188 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ लखनऊ ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मैच के दौरान इकाना स्टेडियम में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मिचेल मार्श की विस्फोटक बल्लेबाजी और पूरन के लगातार चार छक्कों ने स्टेडियम का माहौल पूरी तरह बदल दिया। वहीं, चेन्नई के कप्तान और गेंदबाज पूरे मैच में दबाव में नजर आए।
लखनऊ की इस जीत ने साफ कर दिया कि टीम इस सीजन में किसी भी बड़े लक्ष्य का पीछा करने की क्षमता रखती है। दूसरी तरफ चेन्नई को अपनी गेंदबाजी और मध्यक्रम की बल्लेबाजी पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। आईपीएल 2026 का यह मुकाबला रोमांच, विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार साझेदारी के लिए लंबे समय तक याद रखा जाएगा।



सिंधु की हार, सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

बैंकॉक, 15 मई : भारतीय बैडमिंटन के सितारे पीवी सिंधु शुक्रवार को थाईलैंड ओपन 2026 में महिला सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से कड़े संघर्ष के बाद हार गईं.

पूर्व और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में पीवी सिंधु ने पहले गेम में बढ़त बनाते हुए अपने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया था. भारतीय खिलाड़ी ने मैच के दूसरे मिड-गेम इंटरवल में चार पॉइंट की बढ़त भी हासिल की, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह आसानी से सेमीफाइनल में पहुँच जाएँगी.

हालांकि, यामागुची ने अपने अनुभव और फाइटबैक के दम पर मैच का रुख पलट दिया. जापान की नंबर 3 खिलाड़ी ने लगातार अटैक और स्ट्रैटेजिक शॉट्स के जरिए मैच को अपने पक्ष में कर लिया. अंततः यामागुची ने 61 मिनट तक चले कड़े मुकाबले के बाद 19-21, 21-18, 21-15 से जीत हासिल की. हार के बावजूद, पीवी सिंधु ने अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में मामूली बढ़त बनाए रखी है.

> थाईलैंड ओपन 2026 का यह रोमांचक दौर दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक रहा. भारत के खिलाड़ी अपनी उत्कृष्ट तकनीक, रणनीति और संघर्ष भावना के लिए जाने जाते हैं, और इस टूर्नामेंट में भी उन्होंने कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई. महिला और पुरुष दोनों वर्गों में भारतीय बैडमिंटन टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर, आगामी मुकाबलों के लिए उत्साह बढ़ा दिया है.

एक नजर में

डॉ. मनसुख ने भारत की तैयारियों का जायजा

नयी दिल्ली. केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता की. मीटिंग में सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच आसान कोऑर्डिनेशन पक्का करने



और राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी कर रहे भारतीय एथलीटों के लिए सपोर्ट सिस्टम को मज़बूत करने पर फोकस किया गया. मीटिंग में युवा मामले और खेल मंत्रालय के सीनियर अधिकारी, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) के प्रतिनिधि, जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों 2026 के शेफ डी मिशन भी शामिल थे, ने गेम्स के लिए ऑपरेशनल प्लानिंग, एथलीट की तैयारी और कोऑर्डिनेशन मैकेनिज्म पर अपडेट शेयर किए. खेल मंत्री ने भारत के राष्ट्रमंडल खेलों कैंपेन के लिए एथलीट की तैयारी, ट्रेनिंग, लॉजिस्टिक्स, वेलफेयर और कोऑर्डिनेशन का रिव्यू किया. डॉ. मांडविया ने ज़ोर दिया कि सरकार भारतीय एथलीटों को राष्ट्रमंडल खेलों में अपने सबसे ऊंचे लेवल पर परफॉर्म करने में मदद करने के लिए हर मुमकिन सपोर्ट देने के लिए कमिटेड है. उन्होंने देश के लिए एक सफल कैंपेन पक्का करने के लिए समय पर प्लानिंग, एजेंसियों के बीच कोऑर्डिनेशन और एथलीट-सेंट्रिक तैयारी के महत्व पर ज़ोर दिया.

मुशफिकुर ने वनडे में लौटने से किया इंकार

सिलहट. बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने शुक्रवार को अपने संन्यास से वापसी कर एकदिवसीय क्रिकेट में फिर से लौटने की संभावना से इनकार कर दिया. क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बड़े अधिकारियों ने उनसे अपने एकदिवसीय से संन्यास के फैसले पर फिर से सोचने और दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिवसीय आईसीसी विश्व कप 2027 के लिए वापसी करने की रिक्वेस्ट की थी. मुशफिकुर ने माना कि उन्हें ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनकी फिर से वनडे खेलने की कोई इच्छा नहीं है. मुशफिकुर ने आज यहां

पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है कि हां, जाहिर है कि मुझे मैसेज आया (वनडे क्रिकेट में लौटने के बारे में) लेकिन मुझे लगता है कि बंगलादेश टीम अभी ऐसे स्टेज पर है और भविष्य में ऐसे स्टेज पर जाएगी कि मेरी सर्विस की जरूरत (वनडे में) नहीं होगी.'

एम्बाप्पे, डेम्बेले फ्रांस की वर्ल्ड कप टीम में



पेरिस. फ्रांस के हेड कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने इस गर्मी के वर्ल्ड कप के लिए अपनी 26 लोगों की टीम का नाम बताया है, जिसमें किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले टीम को लीड करेंगे. 27 साल के एम्बाप्पे अपना तीसरा वर्ल्ड कप खेलने के लिए तैयार हैं. 2018 में, उन्होंने क्रोएशिया के खिलाफ फाइनल में गोल किया था, जिससे फ्रांस 20 साल के इंतजार के बाद ट्रॉफी वापस पाने में कामयाब रहा था. चार साल बाद कतर में, उन्होंने फाइनल में हैट्रिक बनाई, लेकिन फ्रांस पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना से हार गया. उनके साथ टीम में बैलन डी'ओर विनर डेम्बेले भी हैं, जिन्होंने 2024-25 सीज़न में पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए 53 मैचों में 35 गोल किए हैं और 16 असिस्ट किए हैं. डेसचैम्प्स 2026 वर्ल्ड कप के बाद पद छोड़ देंगे. उनके इंचार्ज रहने के दौरान, 2018 वर्ल्ड कप जीतने और 2022 में रनर-अप रहने के अलावा, फ्रांस ने 2021 में यूएफा नेशंस लीग जीती. युवा खिलाड़ी वॉरेन ज़ैरे-एमरी और डिज़ायर डूए ने लिस्ट में जगह बनाई, जबकि एडवर्ड कैमाविंगा और रैंडल कोलो मुआनी जैसे जाने-माने नामों को बाहर रखा गया.

पंजाब को मुंबई के खिलाफ मैच हर हाल में जीतना चाहिए था

धर्मशाला, 15 मई पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का कहना है कि पंजाब किंग्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ कल का मैच हर हाल में जीतना चाहिए था.



पंजाब किंग्स को आईपीएल में लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा, जब वे मुंबई इंडियंस से एक हाई-स्कोरिंग मैच में 6 विकेट से हार गए. स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट संजय बांगर और सुनील गावस्कर ने पंजाब किंग्स के प्रदर्शन, उनकी बॉलिंग स्ट्रैटेजी और उन एरिया का विश्लेषण किया जिन पर वे ध्यान दे सकते हैं. गावस्कर ने पंजाब किंग्स के बॉलिंग बदलावों पर बात की और कहा, 'यह एक ऐसा गेम था जिसे पंजाब किंग्स को आखिरी तीन ओवर में 53 रन बनाकर 200 के पार जाने के बाद जीतना चाहिए था. उस समय, उनके पास मोमेंटम था और वे कंट्रोल में दिख रहे थे. लेकिन उनकी बॉलिंग चिंता का विषय बनी हुई है. श्रेयस अय्यर की नाकामी से भी नुकसान हुआ क्योंकि जब वह रन बनाते हैं, तो पंजाब को 20-30 रन अतिरिक्त मिल जाते हैं और अंत में यही अंतर साबित हुआ.

हम दबाव को झेल नहीं पा रहे हैं : हैडिन

धर्मशाला, 15 मइ पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने कहा कि हमें रास्ता निकालना होगा, टीम हर विभाग में संघर्ष कर रही और हम दबाव नहीं झेल पा रहे है.

ब्रैड हैडिन ने पंजाब किंग्स की लगातार पांचवीं हार के बाद हर सवाल के जवाब में यही बात दोहराई. आईपीएल 2026 में गुरूवार को उन्हें पहले ही बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस ने छह विकेट से हराया. इस हार के बाद पंजाब अंक तालिका में चौथे स्थान पर है. अच्छी बात यह है कि टूर्नामेंट की शुरुआत में मिली जीतों की वजह से वह अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है और उनका भविष्य अभी भी उनके अपने हाथ में है. मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में हैडिन ने कहा, 'हाल की हारों में हम दबाव नहीं संभाल पाए हैं. पूरा टूर्नामेंट ही दबाव से भरा होता है और जिस दौर में हम हैं, यहीं आईपीएल क्रिकेट की असली परीक्षा है. आपको बड़े मौक़ों को संभालना आना चाहिए, दबाव झेलने आना चाहिए.'

उन्होंने कहा, 'अब जरूरी है कि हम अच्छी वापसी करें. आज के मैच से हमें कुछ अच्छे संकेत मिले हैं. ड्रेसिंग रूम में हार का दर्द है. हमें आज की अच्छी चीजो को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा. तैयारी में उन बातों को शामिल करना होगा और देखना होगा कि कहां सुधार की जरूरत है. हमें इस मुश्किल दौर से निकलने का रास्ता ढूंढना होगा.' हैडिन ने कहा, 'हाल की हारों में हम दबाव नहीं संभाल पाए. जब सबसे अधिक जरुरत थी, तब हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेल पाए और यह निराशाजनक है.

> लेकिन एक बात स्पष्ट है कि हमें इससे बाहर निकलने का रास्ता ढूंढना होगा. इसमें कोई छुपाने वाली बात नहीं है कि हमें बेहतर खेलना होगा. लीग चरण में अब हमारे पास सिर्फ दो मैच बचे हैं और अब किसी और बात की गुंजाइश नहीं है. अब हमें अपने बाक़ी दोनों मैच जीतने ही होंगे. बात इतनी सीधी है .आप टूर्नामेंट के इस दौर में खेलना चाहते हैं. आप चाहते हैं कि इस समय आपका सबसे अच्छा क्रिकेट सामने आए और अब हमें वही रास्ता निकालना होगा. अगले कुछ मैचों में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा ताकि फ़ाइनल खेलने का मौक़ा मिल सके.'

स्वितोलिना तीसरी बार फाइनल में

खिताबी मुकाबला गॉफ से

रोम, 15 मई हाल के वर्षों में डब्ल्यूटीए टूर पर एलिना स्वितोलिना और इगा स्वियाटेक से ज़्यादा शानदार प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ी शायद ही कोई रहे हों. इस जोड़ी ने टूर्नामेंट के पिछले 10 एडिशन में मिलकर पांच टाइटल जीते हैं लेकिन इस साल सिर्फ़ एक ही टाइटल मैच में वापस लौटी क्योंकि गुरुवार के सेमीफाइनल में उनका आमना-सामना हुआ.

शुक्रवार को आधी रात के बाद, दो बार की चैंपियन स्वितोलिना ने सेमीफाइनल में तीन बार की विनर स्वियाटेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराया और 2017-18 में लगातार दो ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार टाइटल मैच में वापसी की. फाइनल में उनका सामना कोको गॉफ से होगा. उन्होंने इस साल अमेरिकी खिलाड़ी को दो बार हराया है क्योंकि दोनों महिलाएं सीजन का अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने की कोशिश कर रही हैं.

स्वितोलिना ने स्वियाटेक को 2 घंटे 14 मिनट में हराने के बाद कहा, 'इतने सालों बाद फिर से फाइनल में होना बहुत ही अजीब एहसास है. मुझे लगता है कि इसे इतने शानदार तरीके से करना बहुत ही शानदार एहसास है. 'एलेना रायबाकिना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जीत में 16 ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, स्वितोलिना की जीत की खास बात स्वियाटेक के मौकों को रोकने में भी इसी तरह का अच्छा प्रदर्शन करना था.

यूके के पहले अरबपति खिलाड़ी बने डेविड

लंदन. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान सर डेविड बेकहम 2026 संडे टाइम्स रिच लिस्ट में यूके के पहले अरबपति खिलाड़ी बन गए हैं. लिस्ट बनाने वालों के अनुसार, बेकहम और उनकी पत्नी विक्टोरिया की कुल संपत्ति 1.185 अरब पाउंड तक पहुँच गई है. इससे वे खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर हैं, जो पूर्व फ़ॉर्मूला 1 बॉस बर्नी एक्लेस्टोन के परिवार से पीछे हैं, जिनकी संपत्ति 2 अरब पाउंड आंकी गई है. बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, उत्तरी आयरलैंड के रोरी मैक्लरॉय 325 मिलियन पाउंड के साथ सातवें स्थान पर हैं.

हेलमॉट ने ट्रॉट की जगह ली और गल्फ जायंट्स के कोच बने

दुबई, 15 मई. गल्फ जायंट्स ने इस साल के आईएल टी-20 के लिए ऑस्ट्रेलिया के साइमन हेल्मोट को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है. हेल्मोट ने एक सीजन इंचार्ज रहने के बाद जोनाथन ट्रॉट की जगह ली है.

मेलबर्न रेनेगेड्स ने पिछले महीने बताया था कि हेल्मोट अपने अनुबंध में दो साल बाकी होने के बावजूद 'नए मौके तलाशने' के लिए उनके डब्ल्यूबीबीएल मुख्य कोच की भूमिका से पीछे हट रहे हैं. अब यह स्पष्ट हो गया है कि आईएल टी-20 नवंबर-दिसंबर होगा और इसलिए डब्ल्यूबीबीएल के साथ इसकी तिथियों का टकराव हो रहा है. एंडी फ्लावर की लीडरशिप में गल्फ जायंट्स 2023 में पहले आईएल टी-20 चैंपियन थे. पिछले सीजन में ट्रॉट ने फ्लावर की जगह मुख्य कोच का पद संभाला था, और अपने एकमात्र कैंपेन में पांचवें स्थान पर रहने के बाद अब ट्रॉट को भी हटा दिया गया है. हेल्मोट अभी सनराइजर्स हैदराबाद में सहायक कोच के तौर पर भारत में हैं और अहमदाबाद में जायंट्स के मालिकों से मिले.

प्लेऑफ़ की जंग ▶ केकेआर के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा, गुजरात 5 जीत के साथ शानदार फॉर्म में

गुजरात टाइटन्स बनाम केकेआर बड़ा मुकाबला

कोलकाता, 15 मई इंडियन प्रीमियर लीग के 60वें मुकाबले में शनिवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटन्स के बीच हाई-वोल्टेज भिड़ंत होने जा रही है.

एक ओर जहां केकेआर के लिए यह मैच प्लेऑफ़ की उम्मीदों को जीवित रखने का आखिरी बड़ा मौका है, वहीं दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स लगातार जीत की लय के साथ क्वालिफिकेशन के बेहद करीब पहुंच चुकी है. यह मुकाबला सिर्फ दो टीमों का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, रणनीति और दबाव की असली परीक्षा बनने जा रहा है. ईडन गार्डन्स का माहौल हमेशा से ही आईपीएल में खास रहा है, लेकिन इस बार मुकाबला और भी ज्यादा भावनात्मक और रणनीतिक हो गया है. वजह है गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल की वापसी, जो कभी इसी केकेआर टीम का अहम हिस्सा रहे थे. अब वही गिल विपक्षी टीम की कमान संभालते हुए अपने पुराने घरेलू मैदान पर उतरेंगे, और उनकी हर पारी और हर निर्णय पर सबकी नजर रहने वाली है. गुजरात टाइटन्स इस सीजन में बेहद संतुलित और आत्मविश्वासी टीम के रूप में उभरी है. टीम ने पिछले पांच मुकाबले लगातार जीतकर न सिर्फ अपनी स्थिति मजबूत की है बल्कि प्लेऑफ़ की दहलीज पर भी पहुंच गई है. कप्तान शुभमन गिल ने इस पूरे अभियान में शीर्ष क्रम में स्थिरता प्रदान की है.

उनकी तकनीक, संयम और बड़े स्कोर बनाने की क्षमता ने गुजरात की बल्लेबाजी को मजबूती दी है. उनके साथ साई सुदर्शन इस सीजन की सबसे बड़ी खोज बनकर सामने आए हैं. लगातार रन बनाने की क्षमता और दबाव में शांत रहने की उनकी शैली ने गुजरात को कई मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला है. एक शतक और कई अर्धशतकों के साथ वह 500 से अधिक रन बना चुके हैं और टीम के लिए एक भरोसेमंद स्तंभ साबित हुए हैं. तीसरे नंबर पर जोस बटलर की मौजूदगी ने गुजरात के टॉप ऑर्डर को और खतरनाक बना दिया है. उनकी आक्रामक बल्लेबाजी पावरप्ले में ही मैच का रुख बदल सकती है. इस टॉप ऑर्डर की मजबूती का असर यह है कि गुजरात अक्सर शुरुआती ओवरों में ही मजबूत स्थिति हासिल कर लेती है.

> दूसरी ओर, कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह मुकाबला पूरी तरह 'करो या मरो' जैसा है. टीम ने सीजन की शुरुआत में संघर्ष किया था, लेकिन बाद में लगातार चार जीत हासिल कर वापसी की उम्मीदें जगा दी थीं. राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत ने टीम में नया आत्मविश्वास भरा, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार ने उनकी लय तोड़ दी. केकेआर की सबसे बड़ी ताकत उनका युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है. अंगकृष रघुवंशी इस सीजन में एक बड़ी खोज साबित हुए हैं. उन्होंने दबाव में रन बनाकर दिखाया है कि वह भविष्य के बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं.